भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 337
जिसका उत्तर मंगलवार 18 जुलाई, 2017 को दिया जाना है

राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेन्ट+स लिमिटेड

337. श्री आर पी मरुदराजा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में कम लागत के राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड (आरईआईएल) को विलयन-दूध में मिलावट की जांच करने वाले यंत्र के विनिर्माण हेतु सहमति दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त कंपनी ने व्यापार अधिग्रहण के माध्यम से विदेश में अपने व्यापार का विस्तारण किया है और यदि हां, तो उक्त अधिग्रहण का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में किन-किन स्थानों पर राज्य-वार विशेषत: राजस्थान में आरईआईएल की स्थापना की गई है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) आरईआईएल द्वारा विनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक मिल्क एडल्ट्रेशन टेस्टर (ईएमएटी) भारत सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ मान्यता प्राप्त सरकारी प्रयोगशालाओं द्वारा अनुमोदित है। ईएमएटी के मान्यकरण प्रमाण-पत्र राष्ट्रीय दुग्ध अनुसंधान संस्थान, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एसटीक्यूसी, इलेक्ट्रॉनिक्स टेस्ट एंड डेवलपमेंट सेंटर, बेंगलुरु से हैं।

(ख) पिछले 5 वर्षों के दौरान, इस कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक मिल्क टेस्टिंग उपकरणों और सौर फोटोवोल्टिक सिस्टमों के निर्यात के माध्यम से अपना व्यवसाय श्रीलंका, बांग्लादेश, इंग्लैंड, नॉर्वे, मिस्र और केन्या जैसे देशों तक फैलाया है।

(ग) आरईआईएल की विनिर्माण इकाई और मुख्यालय जयपुर, राजस्थान में है।

*****